एक नजर

मतदाता पुनरीक्षण में उत्कृष्ट कार्य करने वाले बीएलओ सम्मानित



निंदूरा, बाराबंकी। विशेष संक्षिप्त मतदाता पुनरीक्षण अभियान-2027 के तहत उत्कृष्ट कार्य करने वाले विधानसभा क्षेत्र कुर्सी के दो बूथ लेवल अधिकारियों (बीएलओ) को जिलाधिकारी ईशान प्रताप सिंह ने प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। दोनों बीएलओ ने अपने-अपने बूथ पर सबसे पहले 50-50 फॉर्म-6 की ऑनलाइन फीडिंग पूरी कर उपलब्धि हासिल की।सम्मानित होने वालों में भाग संख्या-89 स्थित कम्पोजिट विद्यालय मिठवारा की बीएलओ ममता कुमारी और भाग संख्या-346 स्थित कम्पोजिट विद्यालय बजरंगबाग के बीएलओ अमर सिंह भार्गव शामिल हैं। ममता कुमारी ने 58 और अमर सिंह भार्गव ने 51 फॉर्म-6 की ऑनलाइन फीडिंग पूरी की।जिलाधिकारी ने दोनों बीएलओ के कार्यों की सराहना करते हुए कहा कि मतदाता सूची के पुनरीक्षण में बीएलओ की भूमिका बेहद महत्वपूर्ण है। पात्र युवाओं और छूटे हुए नागरिकों के नाम मतदाता सूची में शामिल कराने के लिए पूरी निष्ठा और तत्परता से कार्य करें, ताकि कोई भी पात्र नागरिक मतदान के अधिकार से वंचित न रहे। बीएलओ को भी इसी तरह उत्कृष्ट कार्य करने के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर उप जिला निर्वाचन अधिकारी निरंकार सिंह सहित संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।

दुकान निर्माण विवाद : आश्वासन पर समाजसेवी अल्ताफ का धरना खत्म

बेलहरा, बाराबंकी। नगर पंचायत बेलहरा के बाबा साहब मंदिर परिसर स्थित मेला मैदान में बनी 12 दुकानों के निर्माण को लेकर चल रहा विवाद बुधवार को आमरण अनशन तक पहुंच गया। समाजसेवी मास्टर अल्ताफ हुसैन मांगों को लेकर अनशन पर बैठ गए। सूचना पर पहुंचे एसडीएम कार्तिकेय सिंह ने बातचीत कर उनकी मांगों पर कार्रवाई का आश्वासन दिया। साथ ही नगर पंचायत की ओर से अल्ताफ हुसैन और मंदिर कमेटी अध्यक्ष अरुण सिंह को जारी नोटिस रद्द कराए। इसके बाद पानी पिलाकर उनका अनशन समाप्त कराया।अल्ताफ हुसैन की प्रमुख आपत्ति थी कि मंदिर परिसर में बनी दुकानों और मेला मैदान से संबंधित अभिलेख नगर पंचायत में दर्ज नहीं हैं। उन्होंने नगर पंचायत के लिपिक, अधिशासी अधिकारी और अध्यक्ष प्रतिनिधि के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराने, रामनवमी मेले की जमीन पर हुए निर्माण तथा मंदिर की 12 दुकानों को वैध घोषित करने और पूर्व में जारी सभी नोटिस निरस्त करने की मांग की थी।एसडीएम ने मामले की तहसीलदार से जांच कराकर रिपोर्ट के आधार पर आगे की कार्रवाई का भरोसा दिया। नगर पंचायत के लिपिक चंदन नेगी के खिलाफ लगाए गए आरोपों की जांच कर नियमानुसार कार्रवाई करने की बात भी कही। हालांकि, एफआईआर दर्ज कराने और निर्माण को वैध घोषित करने जैसी मांगों पर अभी अंतिम निर्णय होना बाकी है। प्रशासन के आश्वासन और दो नोटिस रद्द होने के बाद अल्ताफ हुसैन ने अनशन समाप्त कर दिया। इस दौरान पुलिसकर्मी और स्थानीय लोग मौजूद रहे।

शीतकाल में अस्पताल का समय बदलने की मांग भाकियू ने सीएमएस को सौंपा ज्ञापन



सिरौलीगौसपुर, बाराबंकी। सर्दियों में मरीजों की सुविधा को देखते हुए भारतीय किसान यूनियन ने 100 शैय्या संयुक्त चिकित्सालय सिरौलीगौसपुर के समय में बदलाव की मांग की है। इस संबंध में ब्लॉक अध्यक्ष राम प्रताप वर्मा ने मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डॉ. अजय सिंह को ज्ञापन सौंपा।ज्ञापन में मांग की गई है कि अक्टूबर से मार्च तक शीतकालीन अवधि में अस्पताल का संचालन सुबह 10 बजे से शाम चार बजे तक किया जाए, जबकि अप्रैल से सितंबर तक गर्मी के मौसम में सुबह आठ बजे से दोपहर दो बजे तक अस्पताल खोला जाए।भाकियू नेताओं का कहना है कि सर्दियों में दिन छोटा होने और सुबह-शाम ठंड बढ़ने के कारण दूरदराज से आने वाले मरीजों को परेशानी होती है। समय में बदलाव होने से मरीजों को अस्पताल पहुंचने और उपचार कराने में सहूलियत मिलेगी।ब्लॉक अध्यक्ष राम प्रताप वर्मा ने सीएमएस से जनहित में शीघ्र व्यवस्था लागू करने की मांग की। इस पर सीएमएस डॉ. अजय सिंह ने मरीजों की सुविधा के अनुसार आवश्यक व्यवस्था करने का आश्वासन दिया। ज्ञापन देने वालों में तहसील अध्यक्ष रामसजीवन वर्मा और अधिवक्ता अजीत वर्मा सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

भगवती देवी शर्मा की जन्म शताब्दी पर पांच रुपये का स्मारक डाक टिकट जारी



बाराबंकी। अखिल विश्व गायत्री परिवार की संस्थापिका परम वंदनीया माता भगवती देवी शर्मा की जन्म शताब्दी के अवसर पर भारत सरकार ने 5 रुपये का स्मारक डाक टिकट जारी किया है। डाक विभाग द्वारा जारी इस टिकट पर माताजी का दिव्य चित्र अंकित है, जिस पर हिंदी और अंग्रेजी में जन्म शताब्दी अंकित है।माताजी का जन्म 20 सितंबर 1926 को आगरा में हुआ था। उन्होंने युगऋषि पं. श्रीराम शर्मा आचार्य के साथ मिलकर गायत्री परिवार और युग निर्माण अभियान को नई दिशा दी। महिलाओं को यज्ञ, संस्कार और समाज सेवा से जोड़कर उन्होंने नारी जागरण का ऐतिहासिक कार्य किया।31 अक्टूबर को नई दिल्ली के इंदिरा गांधी इंडोर स्टेडियम में आयोजित जन्मशताब्दी महोत्सव में लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला और केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने इस टिकट का विमोचन किया। बाद में हरिद्वार शांतिकुंज में भी इसका अनावरण हुआ।गायत्री परिजनों-अखिलेश पाण्डेय, ए.पी. शर्मा, विष्णु कुमार शर्मा, धनंजय शुक्ला, सत्य प्रकाश श्रीवास्तव,श्रीमती केश कुमारी सिंह, रमेश चंद्र मौर्य, शरद जायसवाल, आर.पी. सिंह, प्रयाग नारायण गुप्ता, पवन भारद्वाज, राम शंकर गुप्ता, दिनेश दीक्षित व अमिताभ अग्निहोत्री ने इसे माताजी के तप, त्याग, सेवा और मातृत्व को राष्ट्र की श्रद्धांजलि बतायामहंत बी.पी दास ने लोकसभा अध्यक्ष ओम बिडला संचार मंत्री ज्योतिराज सिंधिया के प्रति आभार जताते हुए, धन्यवाद ज्ञापित किया।

नि:शुल्क उपलब्ध करायी जायेगी एम्बुलेंस

हरगांव (सीतापुर)। विकासखंड की ग्राम पंचायत रौना में प्रधान प्रशासक सरदार जसविंदर सिंह उर्फलाडी ने बताया कि ग्राम पंचायत के निवासियों के वह अपने व्यक्तिगत संसाधनों से एम्बुलेंस सेवा उपलब्ध करा रहे हैं। इसके अलावा यदि किसी भी ग्राम पंचायत के निवासियों को जरूरत पड़ने पर उनको भी सुविधा उपलब्ध कराई जायेगी। जिसका भुगतान देना पड़ेगा लेकिन ग्राम पंचायत रोना के निवासियों को नि:शुल्क उपलब्ध कराई जाएगी। इस एम्बुलेंस सेवा से बीमार लोगों को तत्काल अस्पताल ले जाया जा सकेगा। ग्रामीण रामगोपाल, अरूण, शयामू, शिव नारायण, राम शरण ने ग्राम प्रधान के इस सराहनीय पहल पर आभार जताया है। हरगांव विकासखंड

कार्तिक पूर्णिमा पर श्रद्धालुओं ने की पूजा अर्चना



हरगांव (सीतापुर)। कार्तिक पूर्णिमा पर सूर्यकुंड तीर्थ स्थल पर स्थित गौरीशकर मंदिर में भोर से ही श्रद्धालुओं ने सूर्यकुंड तीर्थ में स्नान कर गौरीशंकर मंदिर में पूजन-अर्चन कर सुख समृद्धि की कामना की। इसके पश्चात मेला महोत्सव मे भ्रमण कर खरीददारी की। बीती रात से ही श्रद्धालुओं का आना शुरू हो गया था। मंदिर परिसर पर मेले जैसा दृश्य था। भोर से ही स्नान कर पूजन-अर्चन कर दर्शनार्थियों ने चाट पकोड़े की दुकानों पर खाने के बाद मेला महोत्सव मैदान की तरफरूख किया व खरीददारी की मेले में खील, बतासे, पेठा, खजला की बिक्री के साथ घरेलू सामान की दुकानदारों ने जमकर बिकी की। आज दोपहर बाद मेलाधिकारी और मजिस्ट्रेट फूलचन्द्र यादव, नगर पंचायत अध्यक्ष गफ्फार खान, अधिशाषी अधिकारी श्रीश मिश्र ने मेला क्षेत्र का निरीक्षण किया। नगर क्षेत्र के अलावा ग्रामीण क्षेत्र के लोग उत्साहित होकर ट्रैक्टर ट्राली के साथ मेला देखने के अपने अपने परिवार के साथ आये। इस दौरान थाना प्रभारी निरीक्षक आनंद नारायण त्रिपाठी मय पुलिस बल के मेला क्षेत्र में मौजूद रहे।

स्वामी नील कंठ महाराज आश्रम पर हुआ विशाल भंडारा



हरगांव (सीतापुर)। कार्तिक पूर्णिमा के पावन अवसर पर आदर्श नगर पंचायत हरगांव के प्राचीन एवं पौराणिक सूर्य कुंड तीर्थ तट पर स्थित श्री श्री 1008 स्वामी नीलकंठ जी महाराज के आश्रम पर विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। भंडारे में सुबह से देर रात तक श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ती रही। दूर-दराज से पहुंचे श्रृद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण कर स्वामी जी के दर्शन-पूजन किये। भंडारे के आयोजक एवं वरिष्ठ पत्रकार नरेश मिश्र ने बताया कि आश्रम पर पिछले करीब बीस वर्षों से लगातार कार्तिक पूर्णिमा के अवसर पर भंडारे का आयोजन किया जा रहा है। इस आयोजन में हर वर्ष बड़ी संख्या में श्रृद्धालु पहुंच कर प्रसाद ग्रहण करते हैं और स्वामी जी का आशीर्वाद प्राप्त करते हैं। उन्होंने बताया कि धार्मिक आस्था और सेवा भाव से आयोजित यह भंडारा क्षेत्र की पुरानी परंपरा का हिस्सा बन चुका है। भंडारे में प्रमुख रूप से क्षेत्रीय विधायक एवं कारागार राज्यमंत्री सुरेश राही, नगर पंचायत अध्यक्ष गफ्फार खां, हरगांव थाना प्रभारी निरीक्षक आनंद नारायण त्रिपाठी, वरिष्ठ पत्रकार राजेश मिश्र, राकेश पाण्डेय, समाजसेवी व्यवसायी वीरेंद्र मिश्र पिंकू, वरिष्ठ पत्रकार अनूप रस्तोगी, राममूर्ति मिश्र, राजू मिश्र सहित नगर एवं क्षेत्र के तमाम गणमान्य नागरिकों ने पहुंचकर प्रसाद ग्रहण किया।

आयोजन के दौरान श्रृद्धालुओं की सेवा और प्रसाद वितरण का सिलसिला देर रात तक चलता रहा। धार्मिक वातावरण के बीच संपन्न हुए भंडारे में लोगों ने बढ़-चढ़कर सहभागिता की।

अवैध प्लॉटिंग पर चला बुल्डोजर

सीतापुर। डीएम प्रथमेश कुमार के निर्देश और सिटी मजिस्ट्रेट के आदेश पर आज विनियमित क्षेत्र के जेई (श्रम) एम.के. मिश्रा के नेतृत्व में प्रशासनिक टीम ने 'पुष्पा ग्रीन सिटी' पर बुलडोजर चलाया। इस दौरान अवैध रूप से बनाई गई सड़कों और निर्माण को पूरी तरह ध्वस्त कर दिया गया। प्रशासन की इस सख्त कार्रवाई के बाद से क्षेत्र में अवैध कॉलोनियां काटने और बेचने वाले भू-माफ्रियाओं में हड़कंप मच गया है। इस कदम से डीएम प्रथमेश कुमार ने स्पष्ट संदेश दे दिया है कि जिले में किसी भी तरह का अवैध कार्य बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। गौरतलब है कि कार्यभार संभालने के पहले ही दिन डीएम ने सख्त लहजे में कहा था कि भू-माफ्रिया हों या कोई अन्य अतिक्रमणकारी, गलत तरीके से किए गए कार्यों को किसी भी कीमत पर बख्शा नहीं जाएगा। आज की इस पहली बुलडोजर कार्रवाई से उनकी बात सच साबित हुई है।

सीएचसी वायरल वीडियो मामले में बुजुर्ग महिला ने लगाये गम्भीर आरोप

हरगांव (सीतापुर)। सीएचसी परसेण्डी में वायरल वीडियो मामले में बुजुर्ग महिला ने गंभीर आरोप लगाये। सीएचसी अधीक्षक दीपक यादव ने बताया कि वीडियो बनाने और वायरल करने वालों की भूमिका की भी जांच होगी और दोषियों पर कार्रवाई होगी। परसेंडी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के लेबर रूम में प्रसव के दौरान बुजुर्ग महिला द्वारा इंजेक्शन लगाने का वीडियो वायरल होने के बाद बुजुर्ग महिला ने सीएचसी अधीक्षक दीपक यादव को प्रार्थनापत्र देकर आशा बहू रीता वर्मा पर गंभीर आरोप लगाए हैं।

डिलीवरी के बाद महिला की मौत पर हंगामा

सीतापुर। सिधौली कोतवाली क्षेत्र के अन्तर्गत बुधवार दोपहर प्राइवेट अस्पताल में प्रसव के बाद महिला की मौत हो गई। महिला की मौत से नाराज परिजनों ने अस्पताल परिसर में हंगामा किया। उन्होंने डॉक्टर और अस्पताल प्रबंधन पर इलाज में लापरवाही बरतने और गलत इंजेक्शन लगाने का आरोप लगाया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने परिजनों को समझाकर शांत कराया। परिजनों ने पुलिस को लिखित तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। नीलगांव निवासी नफीस की पत्नी रोशन जहां (33) को प्रसव पीड़ा होने पर मंगलवार को मिश्रिख मार्ग स्थित साई अस्पताल में भर्ती कराया गया था। परिजनों के मुताबिक, डॉक्टरों ने ऑपरेशन से प्रसव कराया। इसके बाद महिला को अस्पताल में ही निगरानी में रखा गया था।**इंजेक्शन लगने के बाद बिगड़ी हालत**परिजनों का आरोप है कि इलाज के दौरान महिला को एक इंजेक्शन लगाया गया। कुछ देर बाद ही उसकी हालत बिगड़ने लगी। अस्पताल में मौजूद डॉक्टरों ने उपचार किया, लेकिन उसे बचाया नहीं जा सका। कुछ ही देर में रोशन जहां की मौत हो गई। इसकी जानकारी मिलते ही परिजनों में चीख-पुकार मच गई।**परिजनों ने पुलिस को दी लिखित तहरीर**महिला की मौत से आक्रोशित परिजनों ने अस्पताल परिसर में हंगामा शुरू कर दिया। डॉक्टरों पर लापरवाही और गलत इंजेक्शन देने का आरोप लगाते हुए कार्रवाई की मांग की। सूचना पर पहुंची पुलिस ने किसी तरह स्थिति संभाली। पुलिस के मुताबिक, परिजनों की लिखित तहरीर मिली है और मामले की जांच की जा रही है।**पोस्टमार्टम रिपोर्ट से स्पष्ट होगी मौत की वजह**फि लहाल महिला की मौत का वास्तविक कारण स्पष्ट नहीं है। पुलिस का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत की वजह पता चल सकेगी। अस्पताल प्रबंधन का पक्ष सामने आने के बाद मामले में स्थिति और स्पष्ट होगी।

कार्तिक पूर्णिमा मेला महोत्सव में रामलीला का मंचन ,दर्शक हुये भाव विभोर



हरगांव (सीतापुर)। कार्तिक पूर्णिमा मेला महोत्सव में रामलीला में नारद मोह का मंचन देख दर्शक हुए भावविभोर सूर्य कुंड तीर्थ स्थल मेला मैदान पर चल रहे कार्तिक पूर्णिमा मेला महोत्सव में बुधवार को दोपहर 1 बजे से रामलीला का मंचन शुरू हुआ। जिसमें नारद मोह की लीला का भव्य मंचन किया गया। लीला में दिखाया गया कि तपस्या के बल पर देवर्षि नारद जी को अपने ऊपर अहंकार हो जाता है। वे भगवान शिव के पास पहुंचकर अपनी तपस्या का बखान करते हैं। भगवान शिव उन्हें समझाते हैं कि अपनी तपस्या की बात भगवान विष्णु के सामने कभी मत कहना, लेकिन नारद जी अहंकार में आकर भगवान विष्णु के पास पहुंच जाते हैं।

भगवान विष्णु नारद जी के अहंकार को दूर करने के लिए अपनी माया रचते हैं। कलाकारों ने नारद जी के पात्र को इतनी सजीवता से निभाया कि दर्शक देर तक तालियां बजाते रहे। भगवान शिव के रूप में बैठे कलाकार का शांत और गंभीर अभिनय भी दर्शकों को खूब भाया।

कार्तिक पूर्णिमा मेले में रामलीला देखने के लिए नगर एव आसपास के गांवों से भी बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंचे। कार्यक्रम स्थल पर नगर पंचायत अध्यक्ष गफ्फार खान व अधिशासी अधिकारी श्रीश मिश्र, शशिकान्त यादव, विवेक कुमार, वहाब खान, प्रताप सिंह आदि लोग मौजूद रहे।

नव निवाहिता की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत

रेउसा (सीतापुर)। थानगांव थाना क्षेत्र के ग्राम सभा राजपुर क्योटाना के मजरे मंगलपुरवा में बुधवार को एक नवविवाहिता की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। घर के अंदर 20 वर्षीय शुभी पत्नी अनुज कुमार का शव मिलने से परिवार में कोहराम मच गया। घटना की सूचना मिलते ही मृतका के मायके पक्ष के लोग मौके पर पहुंच गये। मृतका की शादी करीब एक वर्ष पूर्व अनुज कुमार के साथ हुई थी। ससुरालीजन अतिरिक्त दहेज की मांग कर रहे थे। मांग पूरी करने में असमर्थता जताने पर शुभी की हत्या कर शव को फांसी के फंदे पर लटका दिया गया। मृतका के के पिता रेउसा थाना क्षेत्र के कोड़वा धमधमपुर निवासी जितेंद्र पाण्डेय सहित अन्य परिजनों ने घटनास्थल के हालात देखकर हत्या की आशंका जताई।

तीन दिन में ही दम तोड़ गयी मनरेगा, हाजिरी 1191 से घटकर सिर्फ 38 पर आयी

(अमित गुप्ता)

बाराबंकी। मनरेगा श्रमिकों के नहीं, रोजगार सेवकों के कार्य बहिष्कार ने पूरे जिले की वीबी-जी रामजी योजना को ठप कर दिया है। सरकार के मानव दिवस सृजन सप्ताह का हश्र यह है कि तीन दिन के अंदर ऑनलाइन हाजिरी 1191 से गिरकर महज 38 पर आ गई।**आंकड़े ही चीख रहे हैं** -*23 नवंबर=* 11 ब्लॉकों में 1191 श्रमिकों की हाजिरी*24 नवंबर=* 8 ब्लॉकों में सिर्फ 282 श्रमिक*25 नवंबर=* दोपहर 3 बजे तक सिर्फ 2 ब्लॉक हरख और सूरतगंज में कुल 38 श्रमिकयानि बहिष्कार हर दिन और धारदार होता जा रहा है। जिले के 15 ब्लॉकों में से 13 ब्लॉक पूरी तरह ठप हैं। विकास कार्य रुक गए हैं, मस्टर रोल नहीं निकल रहे, पोर्टल खाली पड़ा है।**निंदूरा बना आंदोलन का गढ़**सबसे ज्यादा असर निंदूरा में दिखा। तीसरे दिन बुधवार को भी दोपहर 3 बजे तक किसी भी ग्राम पंचायत में एक भी श्रमिक की हाजिरी नहीं लगी। सोमवार को शून्य, मंगलवार को सिर्फ महोलिया में 2 श्रमिकों की हाजिरी दर्ज हुई, उसके बाद फिर सन्नाटा।**योजना की रीढ़ ने ही कर दिया बहिष्कार** गौरतलब है कि वीबी-जी रामजी योजना की असली रीढ़ गांव के रोजगार सेवक ही हैं।

बाराबंकी में बहिष्कार ने खोली सरकार की पोल, निंदूरा में तीसरे दिन भी सन्नाटा

काम की मांग से लेकर मस्टर रोल, हाजिरी, माप और ऑनलाइन फीडिंग तक - सब कुछ उन्हीं के भरोसे चलता है। उन्हीं के बिना न मस्टर रोल जारी होगा, न मानव दिवस सृजित होगा।और आज वही रीढ़ टूटने की कगार पर है।मानदेय के अभाव में आर्थिक तंगी से जूझ रहे रोजगार सेवकों ने उत्तर प्रदेश वीबीजी रामजी महासंघ के नेतृत्व में सोमवार से पूर्ण बहिष्कार शुरू कर दिया। नाराज सेवकों ने विभागीय व्हाट्सएप ग्रुप भी सामूहिक रूप से छोड़ दिया।**9 महीने से एक रुपया नहीं, टारगेट रोज बढ़ रहा है**महासंघ के जिला अध्यक्ष अमरेंद्र अवस्थी ने तीखे तेवर में कहा, सरकार ने दीपावली पर भी मानदेय नहीं दिया। मुख्यमंत्री की घोषणाएं फाइलों में दफन हैं। 9 महीने से हमें एक रुपया नहीं मिला, लेकिन टारगेट का दबाव रोज बढ़ रहा है।उन्होंने बताया कि मृतक साथियों के परिवार आज भी ईपीएफ के लिए भटक रहे हैं। संगठन ने 23 से 30 नवंबर तक कार्य बहिष्कार का ऐलान किया है।**9 महीने की गुहार, मिला सिर्फ आश्वासन**

रोजगार सेवकों का कहना है कि बीते नौ माह में शासन से लेकर मुख्यमंत्री तक कई बार ज्ञापन सौंपे, लेकिन हर बार आश्वासन के सिवा कुछ नहीं मिला।सबसे बड़ा दर्द यह है कि ईपीएफ कटने के बाद रोजगार सेवकों को मात्र 7788 रुपये मानदेय मिल रहा है। गांव-गांव में विकास को रफ्तार देने वालों का अपना विकास कब होगा? ड्यूटी के दौरान दुर्घटना में मारे गए साथियों के परिवारों का दर्द कौन सुनेगा?**अब नैतिक समर्थन भी साथ**इस संबंध में ग्राम विकास अधिकारी संघ के जिला अध्यक्ष अभिनव श्रीवास्तव का कहना है कि उनका संगठन भी नैतिक रूप से रोजगार सेवकों के साथ है। यह सरकार के लिए और बड़ी चेतावनी है।**आगे की रणनीति - अब आर-पार**महासंघ ने चेतावनी दी है कि मांगे पूरी न होने पर आंदोलन और तेज होगा। 27 नवंबर को डीएम कार्यालय बाराबंकी पर धरना देकर मुख्यमंत्री को ज्ञापन सौंपा जाएगा और 3 दिसंबर को लखनऊ में विधानसभा घेराव किया जाएगा।रोजगार सेवकों का साफ कहना है - जब पेट खाली है तो फाइलें कैसे भरें?गौरतलब है कि दीपावली से दो दिन पूर्व मानदेय के बजाय प्रतिकूल प्रविष्टि का पत्र दिए जाने से भी रोष व्याप्त है।

एक नजर

ई-रिक्शा चार्जिंग पर लगाते समय करेंट की चपेट में आया चालक, मौत



खुटार। नगर के मोहल्ला पूर्वी गढ़ी में बुधवार सुबह एक दर्दनाक हादसे में ई-रिक्शा चालक की करंट लगने से मौत हो गई। हादसा उस समय हुआ जब चालक अपने ई-रिक्शा को चार्जिंग पर लगा रहा था। अचानक करंट की चपेट में आने से उसकी हालत गंभीर हो गई। परिजन आनन-फानन में उसे सीएचसी खुटार लेकर पहुंचे, जहां डॉक्टर ने जांच के बाद उसे मृत घोषित कर दिया। जानकारी के अनुसार नगर के मोहल्ला पूर्वी गढ़ी निवासी धीरेन्द्र तिवारी (45) ई रिक्शा चलाकर अपने परिवार का भरण-पोषण करते थे। बुधवार सुबह करीब पांच बजे वह अपने घर के अंदर ई-रिक्शा को चार्जिंग पर लगा रहे थे। इसी दौरान अचानक चार्जर में गड़बड़ी के चलते बिजली के करंट की चपेट में आ गए। करंट लगने से वह गंभीर रूप से झुलसकर अचेत हो गए। उनकी हालत देखकर परिजनों में चीख-पुकार मच गई। आनन-फानन में परिजन उन्हें लेकर सीएचसी खुटार पहुंचे, लेकिन तब तक उनकी सांसें थम चुकी थीं। सूचना मिलते ही खुटार पुलिस अस्पताल पहुंच गई व शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। वहीं, अचानक हुई इस घटना से परिवार पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा। मृतक की माता सेंधुरी देवी, पत्नी सोनी देवी, पुत्र साजन तिवारी, अश्वनी तिवारी और पुत्री रामश्री का रो-रोकर बुरा हाल है। परिवार के सदस्यों के करुण विलाप से अस्पताल और घर का माहौल गमगीन हो गया। धीरेन्द्र की असामयिक मौत से मोहल्ले में भी शोक की लहर दौड़ गई। जिस परिवार में सुबह तक सामान्य दिनचर्या चल रही थी, वहां कुछ ही देर में मातम छा गया।

महादेवा ऑडिटोरियम में 65 जोड़ों का विवाह संपन्न नवदंपतियों को मिला आशीर्वाद



रामनगर, बाराबंकी। महादेवा ऑडिटोरियम में बुधवार को मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के तहत समाज कल्याण विभाग की ओर से 65 जोड़ों का विवाह पारंपरिक रीति-रिवाजों के साथ संपन्न कराया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि विधान परिषद सदस्य अंगद कुमार सिंह और विशिष्ट अतिथि पूर्व विधायक शरद अवस्थी ने नवदंपतियों को आशीर्वाद देकर सुखद वैवाहिक जीवन की कामना की।इस अवसर पर नवविवाहित जोड़ों को विवाह प्रमाण पत्र वितरित किए गए। पुष्पवर्षा कर उनका उत्साहवर्धन भी किया गया। एमएलसी अंगद कुमार सिंह ने कहा कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में संचालित सामूहिक विवाह योजना आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों के लिए सहारा बनी है। सरकार ने योजना के तहत मिलने वाली सहायता राशि 51 हजार रुपये से बढ़ाकर एक लाख रुपये कर दी है, जिससे जरूरतमंद परिवारों को बेटियों के विवाह में बड़ी राहत मिल रही है।कार्यक्रम में नगर पंचायत अध्यक्ष रामशरण पाठक, उपजिलाधिकारी आकांक्षा गुप्ता, जिला समाज कल्याण अधिकारी, जिला पूर्ति अधिकारी, रामनगर एवं सूरतगंज के खंड विकास अधिकारी, सीओ रामनगर सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी, ग्राम प्रधान और गणमान्य नागरिक मौजूद रहे।

तीन महीने में उखड़ने लगी नगर निगम की सड़क निर्माण गुणवत्ता पर सवाल



अयोध्या धाम। रामनगरी में विकास कार्यों की गुणवत्ता को लेकर एक बार फिर सवाल खड़े हो रहे हैं। लक्ष्मण घाट वार्ड के तुलसी नगर मोहल्ले में नगर निगम की ओर से कराया गया सड़क निर्माण कार्य महज तीन महीने में ही खराब होने लगा है। सड़क की सतह से गिट्टियां उखड़ रही हैं और जगह-जगह दरारें दिखाई दे रही हैं। वहीं, सीवर अवरुद्ध होने की समस्या भी मोहल्ले के लोगों की परेशानी बढ़ा रही है।परसा मंदिर से तुलसी नगर होते हुए विशाल नर्सिंग होम तक कराए गए सड़क निर्माण कार्य की मौजूदा स्थिति निर्माण की गुणवत्ता और जिम्मेदार अधिकारियों की निगरानी व्यवस्था पर सवाल खड़े कर रही है। स्थानीय स्तर पर सड़क के जल्दी खराब होने की स्थिति सामने आने से निर्माण में इस्तेमाल सामग्री, तकनीकी मानकों और कार्य की गुणवत्ता की जांच की आवश्यकता महसूस की जा रही है।सड़क की समस्या के साथ मोहल्ले में सीवर अवरोध की शिकायतें भी सामने आ रही हैं। सीवर दुरुस्त करने के लिए नगर निगम की टीम को बार-बार मौके पर पहुंचना पड़ रहा है। इसके बावजूद स्थानीय लोगों को आवागमन और दैनिक गतिविधियों में असुविधाओं का सामना करना पड़ रहा है। जनता के टैक्स से होने वाले विकास कार्यों में गुणवत्ता और टिकाऊपन सुनिश्चित करना संबंधित विभाग की जिम्मेदारी है। ऐसे में सड़क निर्माण कार्य की तकनीकी जांच, इस्तेमाल की गई सामग्री की गुणवत्ता और सीवर व्यवस्था की समुचित पड़ताल कर जिम्मेदारी तय किए जाने की जरूरत है। तीन महीने में सड़क की बिगड़ती हालत नगर निगम की निर्माण व्यवस्था और निगरानी प्रणाली की कार्यप्रणाली पर सवाल खड़े कर रही है।

डमी उम्मीदवारों को लेकर अवध किशोर ने उठाये सवाल

अयोध्या धाम। विधानसभा चुनाव की सियासी सरगर्मियां अभी से तेज होने लगी हैं। अयोध्या में बहुजन समाज पार्टी (बसपा) के संभावित प्रत्याशी को लेकर भी राजनीतिक चर्चाओं का दौर शुरू हो गया है। अयोध्या निवासी अवध किशोर ने पार्टी नेतृत्व को प्रत्याशी चयन को लेकर स्पष्ट संदेश देते हुए कहा है कि आगामी चुनाव में बसपा के सामने सबसे बड़ी चुनौती सही और जनाधार वाले प्रत्याशी का चयन करना होगा। यदि पार्टी ने जमीनी हकीकत और जनता के बीच अपनी वास्तविक पकड़ का आकलन किए बिना किसी डमी प्रत्याशी को चुनाव मैदान में उतारा, तो इसका खामियाजा संगठन को भुगतना पड़ सकता है। विधानसभा चुनाव में केवल टिकट हासिल कर लेना ही राजनीतिक सफलता नहीं है। प्रत्याशी के पास अपना जनाधार, सामाजिक स्वीकार्यता और जनता के बीच वर्षों का संघर्ष होना भी जरूरी है। पार्टी नेतृत्व से मांग की कि टिकट वितरण में ऐसे कार्यकर्ताओं को प्राथमिकता दी जाए, बहुजन समाज पार्टी की मूल विचारधारा के प्रति समर्पित हों कांशीराम के मिशन, सिद्धांतों तथा सामाजिक परिवर्तन की सोच को लेकर लंबे समय से जमीन पर काम कर रहे हों। समाजवादी पार्टी और भारतीय जनता पार्टी से जुड़े रहे कुछ लोग अब बसपा का झंडा थामकर अपनी राजनीतिक जमीन तलाशने में जुटे हैं। उनके मुताबिक, कुछ संभावित दावेदार मीडिया में अपनी सक्रियता दिखाकर स्वयं को भावी विधायक के रूप में पेश कर रहे हैं, जनता के बीच उनकी वास्तविक पकड़ और सामाजिक योगदान का आकलन किया जाना अभी बाकी है।